भारत सरकार
भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्रालय
भारी उद्योग विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 1574
जिसका उत्तर मंगलवार 12 फरवरी, 2019 को दिया जाना है

**विद्युत चालित वाहनों के लिए चार्जिंग स्टेशन**

**1574. श्री मल्लिकार्जुन खड़गेः**

क्या भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) एफ.ए.एम.ई योजना के प्रथम चरण के अंतर्गत जो अप्रैल, 2017 तक पूरा किया जाना निर्धारित था, के द्वारा हासिल किए जाने वाले उद्देश्यों की वर्तमान स्थिति क्या है;
(ख) एफ.ए.एम.ई-II योजना और राष्ट्रीय ऑटो नीति के अंतर्गत हासिल किए जाने वाले उद्देश्य क्या है;
(ग) क्या देश में विद्युत चालित वाहनों के लिए कोई चार्जिंग स्टेशन स्थापित क्या गया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(घ) क्या यह सच है कि वर्तमान में भारत में निजी कंपनी चार्जिंग स्टेशन स्थापित नहीं कर सकती है क्योंकि विद्युत की बिक्री एक लाइसेंस गतिविधि है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और
(ङ) सरकार द्वारा देश में विद्युत चालित वाहनों के लिए चार्जिंग स्टेशनों की स्थापना को बढ़ावा देने के लिए क्या प्रयास किए गए हैं?

**उत्तर**
**भारी उद्योग और लोक उद्यम राज्य मंत्री**
**(श्री बाबुल सुप्रियो)**

**(क) और (ख):** एनईएमएमपी 2020 के भाग के रूप में, भारी उद्योग विभाग ने देश में इलेक्ट्रिक और हाइब्रिड वाहनों (एक्सईवी) को बढ़ावा देने के लिए मार्च, 2015 में एक योजना नामतः भारत में (हाइब्रिड और) इलेक्ट्रिक वाहनों का तीव्र अंगीकरण एवं विनिर्माण (फेम-इंडिया) योजना तैयार की। इस समय, फेम-इंडिया योजना का चरण-I चल रहा है, जो दिनांक 31 मार्च, 2017 तक मूलतः दो वर्षों की अवधि के लिए था, जिसे दिनांक 31 मार्च, 2019 अथवा फेम-II की अधिसूचना, जो भी जल्दी हो, तक बढ़ा दिया गया है। इस योजना में चार फोकस क्षेत्र नामतः मांग सृजन, प्रायोगिक परियोजना, प्रौद्योगिकी विकास/अनुसंधान एवं विकास और चार्जिंग अवसंरचना हैं।

बल दिए जाने वाले मांग सृजन क्षेत्र के तहत, इलेक्ट्रिक/हाइब्रिड वाहनों के क्रेता को एक्सईवी की खरीद के समय डीलर द्वारा खरीद मूल्य में निश्चित छूट दी जाती है। इस योजना के आरंभ होने और दिनांक 31 दिसम्बर, 2018 तक सरकार ने लगभग 2,61,507 इलेक्ट्रिक/हाइब्रिड वाहनों की वित्तीय सहायता (मांग प्रोत्साहन) की है। उपर्युक्त के अलावा, इस योजना के अंतर्गत विभिन्न शहरों/राज्यों को 585 इलेक्ट्रिक बसें भी मंजूर की गई है।

(हाइब्रिड और) इलेक्ट्रिक वाहनों का तीव्र अंगीकरण एवं विनिर्माण (फेम-इंडिया) योजना के चरण-II में बाजार सृजन और मांग संग्रह के द्वारा ईवी के अंगीकरण को प्रोत्साहित करने तथा सार्वजनिक परिवहन में इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) को बढ़ावा देने का प्रस्ताव है। मसौदा योजना में चार्जिंग अवसंरचना, ईवी प्रौद्योगिकियों का अनुसंधान एवं विकास और अधिक स्वदेशीकरण को बढ़ावा देने के प्रावधान सहित ईवी उद्योग के सर्वांगीण विकास की परिकल्पना है। योजना को अभी अंतिम रूप नहीं दिया गया है।

मसौद राष्ट्रीय ऑटोमोटिव नीति सर्वांगीण प्रकृति की है और ऑटो मिशन योजना 2016-26 के उद्देश्यों को पूरा करने में ऑटोमोटिव उद्योग के हितों का समाधान करती है।

**(ग) से (ङ):** विद्युत मंत्रालय ने सूचित किया है की उन्होंने अपनी अधिसूचना संख्या 23/08/2018-आर एंड आर दिनांक 13 अप्रैल, 2018 के द्वारा पहले ही स्पष्ट कर दिया है की चार्जिंग स्टेशनों के माध्यम से इलेक्ट्रिक वाहनों की बैटरियों को चार्ज करने के लिए बिजली अधिनियम, 2003 के उपबंधों के तहत किसी लाइसेंस की आवश्यकता नहीं है।

इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए चार्जिंग अवसंरचना की स्थापना को सुगम बनाने के लिए विद्युत मंत्रालय ने सूचित किया है की केन्द्रीय बिजली प्राधिकरण (सीईए) ने चार्जिंग स्टेशनों के लिए ग्रिड क्नेक्टिविटी और आपूर्ति की सूरक्षा के संबंध में संशोधन किए है।

विद्युत मंत्रालय ने आगे बताया है की मसौदा शुल्क नीति 2018 में निम्नलिखित संशोधनों का प्रस्ताव हैः-

(i) शुल्क (टैरिफ) 15 प्रतिशत अथवा वास्तविक एटीएंडसी हानि के स्तर के आधार पर निर्धारित आपूर्ति की औसत लागत के बराबर अथवा इससे कम होगा, और

(ii) आरंभिक तीन वर्षों में इस उद्देश्य हेतु एकल भाग टैरिफ।

इसके अलावा, विद्युत मंत्रालय के तहत ऊर्जा दक्षता सेवा लिमिटेड (ईईएसएल) ने सूचित किया है कि वे राष्ट्रीय ई-मोबिलिटी कार्यक्रम के तहत उनके द्वारा पट्टे पर लिए गए विद्यमान पेट्रोल और डीजल वाहनों को प्रतिस्थापित करने हेतु पट्टे/पूर्णतया खरीद पर सरकारी संस्थाओं को इलेक्ट्रिक वाहन उपलब्ध करा रहे हैं। इन इलेक्ट्रिक वाहनों की चार्जिंग के लिए, ईईएसएल उनके स्थलों पर भारी उद्योग विभाग के एसी-001 और डीसी-001 भारत चार्जिंग विशिष्टियों का अनुपालन करते हुए एसी और डीसी चार्जरों की स्थापना कर रहा है। आज के तारिख तक, ईईएसएल ने दिल्ली एनसीआर, आन्ध्र प्रदेश, मध्य प्रदेश, गुजरात, महाराष्ट्र, अण्डमान एवं निकोबार द्वीप समूह, झारखण्ड और उत्तर प्रदेश में विभिन्न स्थलों पर 264 चार्जर (191एसी और 73 डीसी चार्जर) स्थापित किए हैं। दिल्ली एनसीआर और शेष भारत में ईईएसएल द्वारा स्थापित एसी और डीसी चार्जरों की सूची क्रमशः अनुबंध-I और II में है।

इसके अलावा, फेम इंडिया के तहत निधियन हेतु चार्जिंग अवसंरचना के निम्नलिखित परियोजनाएं/प्रस्ताव भी मंजूर किए गए हैं:

| **क्र.सं.** | **परियोजना/प्रस्ताव का नाम** | **कार्यान्वयन एजेन्सी** |
|---|---|---|
| 1. | बंगलुरू में इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए सार्वजनिक फास्ट चार्जिंग अवसंरचना नेटवर्क | लिथियम अर्बन टेक्नालॉजिज प्रा. लि. के सहयोग से मै. महिन्द्रा रेवा इलेक्ट्रिकल्स व्हीकल्स प्रा. लि. |
| 2. | एनसीआर में ईवी के लिए सौर आधारित चार्जिंग अवसंरचना की स्थापना हेतु प्रस्ताव | राजस्थान इलेक्ट्रोनिक्स एंड इंस्ट्रूमेंट्स लिमिटेड (आरईआईएल), जयपुर |
| 3. | उद्योग भवन में ईवी के लिए सौर आधारित चार्जिंग अवसंरचना की स्थापना हेतु प्रस्ताव | भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (भेल) |
| 4. | दिल्ली एनसीआर, जयपुर और चंडीगढ़ में 200 चार्जिंग स्टेशनों की स्थापना का प्रस्ताव | राजस्थान इलेक्ट्रोनिक्स एंड इंस्ट्रूमेंट्स लिमिटेड (आरईआईएल), जयपुर |
| 5. | दिल्ली-चण्डीगढ़-दिल्ली राजमार्ग में सौर आधारित चार्जिंग स्टेशनों की स्थापना | भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (भेल) |
| 6. | दिल्ली-जयपुर-दिल्ली राजमार्ग और मुम्बई-पुणे-मुम्बई राजमार्ग में चार्जिंग स्टेशनों की स्थापना (सौर के साथ-साथ पारंपरिक) | राजस्थान इलेक्ट्रोनिक्स एंड इंस्ट्रूमेंट्स लिमिटेड (आरईआईएल), जयपुर |

*****

**अनुबंध I**

## दिल्ली एनसीआर में ईईएसएल द्वारा स्थापित किए गए इलेक्ट्रिक वाहन चार्जरों की सूची

| क्र.सं. | संगठन का नाम | कार्यालय का पता | ईईएसएल द्वारा स्थापित किए गए एसी चार्जर | ईईएसएल द्वारा स्थापित किए गए डीसी चार्जर |
|---|---|---|---|---|
| 1 | ऊर्जा मंत्रालय | श्रम शक्ति भवन, नई दिल्ली | 4 | 1 |
| 2 | नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय | ब्लॉक -14, सीजीओ कॉम्प्लेक्स, नई दिल्ली | 2 | 1 |
| 3 | नई दिल्ली नगरपालिका परिषद | पालिका केंद्र, नई दिल्ली | 5 | 2 |
| | | पालिका पार्किंग, सीपी, नई दिल्ली | 5 | 1 |
| | | शहीद भगत सिंह प्लेस पार्किंग (एनडीएमसी कार्यालय पालिका सुविधा केंद्र), सीपी के पास, नई दिल्ली | 3 | 1 |
| | | शिवाजी स्टेडियम, सीपी, नई दिल्ली | 6 | 2 |
| | | ऑटो वर्कशॉप, एलबीएन, आईएनए, (लक्ष्मी बाई नगर मार्केट के सामने) | 4 | 2 |
| | | एनडीएमसी विद्युत भवन, औरंगज़ेब रोड, नई दिल्ली | 5 | 1 |
| 4 | दक्षिणी दिल्ली नगर निगम | एमसीडी ऑफिस, लाजपत नगर | 2 | 1 |
| | | एसडीएमसी कार्यालय, सिविक सेंटर, मिंटो रोड | 6 | 3 |
| | | उप-आयुक्त का कार्यालय (एसडीएमसी जोनल ऑफिस), ग्रीन पार्क | 2 | 1 |
| | | एसडीएमसी कार्यालय, अंबेडकर स्टेडियम | 2 | 1 |
| | | ओल्ड बिल्डिंग राजौरी गार्डन | 1 | 1 |
| | | एसडीएमसी पश्चिम क्षेत्र, डॉ. शबीब सिंह निगम भवन, शिवाजी कॉलेज के पास, राजौरी गार्डन | 2 | 1 |
| | | उप-आयुक्त (एसडीएमसी दक्षिण क्षेत्र) का कार्यालय, धनसा बस स्टैंड के पास, नजफगढ़ | 2 | 1 |
| | | गुलमोहर पार्क | 1 | - |
| | | सेवा नगर | 1 | |
| | | आरके पुरम हाउस टैक्स बिल्डिंग | 1 | 1 |
| | | एसडीएमसी आपदा प्रबंधन, द्वारका सेक्टर 9 मेट्रो के पास | 4 | 1 |

| क्र.सं. | संगठन का नाम | कार्यालय का पता | ईईएसएल द्वारा स्थापित किए गए एसी चार्जर | ईईएसएल द्वारा स्थापित किए गए डीसी चार्जर |
|---|---|---|---|---|
| 5 | गुरुग्राम नगर निगम | नगर निगम गुरुग्राम, सी 1 इन्फो सिटी, सेक्टर 34, गुरुग्राम | 4 | 1 |
| | | गुरुग्राम महानगर विकास प्राधिकरण, 321/18 सिविल लाइंस, गुरुग्राम | 4 | 1 |
| 6 | 15वां वित्त आयोग | एसटीसी, जवाहर व्यापार भवन, जनपथ रोड | 2 | 1 |
| 7 | एनटीपीसी | ईओसी, सेक्टर -24, नोएडा | 3 | 1 |
| | | पीएमआई, सेक्टर -16 ए, नोएडा | 1 | 1 |
| | | नेट्रा, ग्रेटर नोएडा | 1 | |
| | | सीएमडी रेजीडेंस, नीती बाग, नई दिल्ली | 1 | |
| | | स्कोप कॉम्प्लेक्स, नई दिल्ली | 4 | 1 |
| 8 | राष्ट्रीय सौर ऊर्जा संस्थान | एनआईएसई, गुड़गांव-फरीदाबाद रोड | 1 | - |
| 9 | केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण | एनआरएलडीसी, कटवारिया सराय, नई दिल्ली | 2 | 1 |
| 10 | भारतीय नवीकरणीय ऊर्जा विकास एजेंसी लिमिटेड | अगस्त क्रांति भवन, भीकाजी कामा प्लेस, आरके पुरम, नई दिल्ली | 1 | - |
| 11 | यूएनईपी | जोसेफ स्टीन लेन, लोधी गार्डन्स, 55 लोधी एस्टेट, नई दिल्ली | 1 | - |
| 12 | नीति आयोग | संसद मार्ग, संसद मार्ग क्षेत्र, नई दिल्ली, दिल्ली | 7 | 1 |
| 13 | पावर ग्रिड कार्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड | कॉर्पोरेट कार्यालय, सेक्टर 29, इफको चौक के पास, गुड़गांव | 1 | 1 |
| | | कटवारिया सराय | 1 | 1 |
| | | पीजीसीआईएल टाउनशिप, सेक्टर 43, गुड़गांव | 1 | - |
| | | पीएएल, मानेसर | 1 | - |
| | | महारानी बाग सब स्टेशन | 1 | - |
| 14 | गुजरात भवन | 11, कौटिल्य मार्ग, चाणक्य पुरी, नई दिल्ली | 1 | 1 |
| 15 | भारी उद्योग विभाग | उद्योग भवन, रफी मार्ग, नई दिल्ली, दिल्ली | 6 | - |
| 16 | प्रधान मंत्री कार्यालय | ई ब्लॉक, केंद्रीय सचिवालय, नई दिल्ली, दिल्ली 110011 | 9 | 6 |
| 17 | पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड | पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड 'ऊर्जानिधि', 1, बाराखंभा लेन, कनॉट प्लेस | 1 | - |

| क्र.सं. | संगठन का नाम | कार्यालय का पता | ईईएसएल द्वारा स्थापित किए गए एसी चार्जर | ईईएसएल द्वारा स्थापित किए गए डीसी चार्जर |
|---|---|---|---|---|
| 18 | स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय | ए विंग, निर्माण भवन, मौलाना आज़ाद रोड, नई दिल्ली - 110011 | 1 | 1 |
| 19 | वित्त मत्रांलय | नॉर्थ ब्लॉक, मंत्रिमंडल सचिवालय, रायसीना हिल, नई दिल्ली - 110 001 | 6 | 4 |
| 20 | भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण | सफदरजंग एयरपोर्ट | 2 | 2 |
| | | क्षेत्रीय मुख्यालय आईजीआई | 2 | 2 |
| 21 | बीएसईएस यमुना पावर लिमिटेड | भारतेन्दु हरीश चंद्र मार्ग, सैनी एन्क्लेव, कड़कड़डूमा, आनंद विहार, दिल्ली, 110092 | 1 | 1 |
| 22 | ओएनजीसी विदेश लिमिटेड | दीनदयालव ऊर्जा भवन, 5, नेल्सन मंडेला मार्ग, वसंत कुंज, नई दिल्ली, दिल्ली 110070 | 2 | 1 |
| 23 | एनएचपीसी लिमिटेड | एन.एच.पी.सी. कार्यालय परिसर, सेक्टर 33, फरीदाबाद, हरियाणा 121003 | 1 | 1 |
| | | **योग** | **127** | **51** |

<u>अनुबंध II</u>

**शेष भारत में ईईएसएल द्वारा स्थापित किए गए इलेक्ट्रिक वाहन चार्जरों की सूची**

| क्र.सं. | संगठन का नाम | कार्यालय का पता | ईईएसएल द्वारा स्थापित किए गए एसी चार्जर | ईईएसएल द्वारा स्थापित किए गए डीसी चार्जर |
|---|---|---|---|---|
| 1 | ग्रेटर विशाखापत्तनम नगर निगम | विशाखापत्तनम, ग्रेटर विशाखापत्तनम नगर निगम | 10 | - |
| 2 | आंध्र प्रदेश पूर्वी विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड | विशाखापत्तनम, आंध्र प्रदेश पूर्वी विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड | 3 | - |
| 3 | जिला कलेक्टर कार्यालय | विशाखापट्टनम, जिला कलेक्टर कार्यालय | 2 | - |
| 4 | झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड | निगम मुख्यालय, रांची | 4 | 3 |
| | | एसएलडीसी, कुसई, रांची | 2 | - |
| | | 33/11 केवी पावर सब-स्टेशन, कुसाई, रांची | 1 | - |
| | | 33/11 केवी पावर सब-स्टेशन, राजभवन, रांची | 1 | 1 |
| 5 | दक्षिण गुजरात विज कंपनी लिमिटेड | सूरत सिटी सर्कल कार्यालय- डीजीवीसीएल, द्वितीय तल, ई-स्पेस के सामने, भगवान महावीर कॉलेज रोड, न्यू वीआईपी रोड, वेसू-भरथना | 2 | 1 |
| | | सूरत अर्बन डिवीजन- डीजीवीसीएल, उधनाभेस्टान रोड, बटलीबोई के सामने, पांडेरसरा, सूरत | 2 | - |
| | | रेंडर डिवीजन - डीजीवीसीएल, सरजन फ्लैट के सामने, जानकी रो हाउस के पास, जालाराम मंदिर के पीछे, एल.पी.सावनी रोड, अदजान | 1 | - |
| 6 | मध्य गुजरात विज कंपनी लिमिटेड | बड़ौदा सिटी सर्कल कार्यालय - एमजीवीसीएल, नवलखी कंपाउंड | 2 | 1 |
| | | विश्वामित्री पूर्व डिवीजन कार्यालय - एमजीवीसीएल, जे एन मार्ग, मोतीबाग, राजमहल रोड, वडोदरा | 1 | - |

| क्र.सं. | संगठन का नाम | कार्यालय का पता | ईईएसएल द्वारा स्थापित किए गए एसी चार्जर | ईईएसएल द्वारा स्थापित किए गए डीसी चार्जर |
|---|---|---|---|---|
| | | विश्वामित्री वेस्ट डिवीजन-एमजीवीसीएल, दिवालीपुरा चार रास्ता, वडोदरा | 1 | - |
| | | लालबाग डिवीजन कार्यालय-एमजीवीसीएल, प्रतापनगर, वडोदरा | 1 | - |
| 7 | मध्य प्रदेश उर्जा विकास निगम लिमिटेड | लिंक रोड नंबर 2, बस स्टॉप सं. 5, शिवाजी नगर, भोपाल, मध्य प्रदेश | 3 | 1 |
| 8 | लखनऊ विकास प्राधिकरण | लखनऊ विकास प्रामाणिकता, विपिन खण्ड, गोमती नगर, उत्तर प्रदेश | 2 | 1 |
| 9 | अंडमान और निकोबार प्रशासन | सचिवालय, पोर्ट ब्लेयर | 6 | 2 |
| | | कार्यालय के उप-आयुक्त, दक्षिण अंडमान | 1 | 1 |
| | | परिवहन निदेशालय, ए एंड एन प्रशासन, पोर्ट ब्लेयर | 1 | 1 |
| 10 | अटल इंदौर सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विस लिमिटेड | इंदौर नगर निगम, इंदौर | 18 | 10 |
| | | **योग** | **64** | **22** |